work was tendered twice. The lowest tenderer of the first tender call was M/s. Aries and Aries, Madras. The only tenderer for second tender call was M/s. Sudersan Trading Co., Calicut-whose conditions were not acceptable. Finally the work was awarded to Kerala State Construction Corporation after negotiations.

(c) The approved original estimated cost of the project was Rs. 41.33 lakhs (Bridge items put to tender Rs. 37.27 lakhs and allied works including short approaches, etc. Rs. 4.06 lakhs), and the bid amount of first contractor (M/s. Aries and Aries, Madras) for bridge items was Rs. 41.60 lakhs. The total completion cost of the bridge and approaches is likely to be Rs. 185 lakhs against the revised sanctioned amount of Rs. 182.87 lakhs.

सर्वोदय एक्सप्रेस में आरक्षण

3500. **श्री निहाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की की कृपा करेंगे कि:

(क) अहमदाबाद और दिल्ली के बीच चलने वाली सर्वोदय एक्सप्रेस गाड़ी में पश्चिम रेलवे की क्रमश: रतलाम, कोटा और बड़ौदा डिवीजनों के लिये कुल कितने स्थानों का आरक्षण होता है ;

(ख) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे की कोटा, रतलाम और बड़ौदा डिवीजनों के स्टेशनों पर सर्वोदय एक्सप्रेस गाड़ी के लिये आरक्षण 48 घंटे पहले बन्द कर दिया जाता है और यदि हां, तो क्या यह आरक्षण इस गाड़ी के दिल्ली अथवा अहमदाबाद के चल पड़ने के हिसाब से बन्द किया जाता है, और यदि नहीं, तो किस आधार पर किया जाता है; और

(ग) क्या सरकार पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर इस गाड़ी के पहुंचने के चार घंटे पूर्व उक्त आरक्षण बन्द करने की व्यवस्था करेगी ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) अहमदाबाद और नयी दिल्ली के बीच चलने वाली 181 डाउन सर्वोदय एक्सप्रेस गाड़ी में रतलाम-कोटा और वडोदरा मंडल के स्टेशनों से आरक्षण के लिए आबंटित शायिकाओं की कुल संख्या इस प्रकार है :—

मंडल	दर्जा	
	वातानुकूल दूसरा दर्जा शायनयान	दूसरा दर्जा सीट शायिका
1. रतलाम	14	80
2. कोटा	4	15
3. बड़ोदरा	70	677

(ख) जी हां । आउट स्टेशनों के लिए आवंटित कोटा 181 डाउन सर्वोदय एक्सप्रेस गाड़ी के ठहराव वाले कोटा, रतलाम और वडोदरा स्टेशनों पर भरा जाता है । आउट स्टेशनों को आवंटित कोटे के अंतर्गत यात्रियों की बुकिंग संबंधित स्टेशन से गाड़ी के निर्धारित प्रस्थान समय से 24 घंटे पहले बन्द करनी होती है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रयुक्त स्थान गाड़ी के प्रस्थान से कम से कम 24 घंटे पूर्व प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को दिया जा सकता है ।

(ग) जी नहीं । वर्तमान व्यवस्था संतोषप्रद रूप से कार्य कर रही है ।